दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 68 मुरादाबाद, 27 June 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

## वाराणसी में सीएम योगी: मिशन-2024 का किया शंखनाद, जनसभा में बोले- पीएम मोदी ने देश का गौरव बढ़ाया



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार दोपहर वाराणसी पहुंचे। काशी कोतवाल मंदिर और बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन-पूजन के बाद रोहनिया स्थित जगतपुर इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। देश की सियासत की धुरी बन चुकी बनारस की धरती से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिशन-2024 का शंखनाद किया। रोहनिया स्थित जगतपुर इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए जन-जन खुशहाल, विकास अपार, डबल इंजन की सरकार का नारा दिया। साथ ही विपक्ष पर भी हमला बोला। इस दौरान सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और प्रमाण पत्र भी दिया। इसके बाद वे करखियांव स्थित पैक हाउस रवाना हो गए। वहां से बनारसी लंगड़ा आम, मिर्च सहित अन्य उत्पादों को दुबई के लिए हरी झंडी दिखाएंगे। सोमवार को वाराणसी आगमन के बाद सीएम योगी ने सबसे पहले काशीपुराधिनाथ और काशीपुराधिपति का आशीर्वाद लिया। काशी विश्वनाथ मंदिर में शिखर दर्शन के बाद गर्भगृह मे प्रवेश किया। मंदिर के अर्चक श्रीकांत मिश्र ने षोडशोपचार पूजन कराया। गर्भ गृह से बाहर आकर सीएम ने फिर से शिखर का दर्शन किया।


### सुरक्षा, समृद्धि और सुशासन से आगे बढ़ता है देश

आम चुनाव 2024 की सुगबुगाहट के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मिशन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र से की। केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जनसभा में सीएम डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को बताने के साथ ही जन मानस की नब्ज भी टटोला। अगले साल आम चुनाव के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा। सीएम योगी ने कहा कि देश सुरक्षा, समृद्धि और सुशासन से आगे बढ़ता है। उन्होंने पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा का जिक्र किया। कहा कि अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन वहां की संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो स्वागत हुआ, वह दुनिया में भारत का गौरव और बढ़ाता है। आगे कहा कि पीएम मोदी ने सुशासन का मॉडल दुनिया में पेश किया है। इसके चलते वो आज जिस देश में जाते हैं उस देश का सर्वोच्च सम्मान उन्हें मिल रहा है।

### पाकिस्तान में लोग भूखे-नंगों की तरह

सीएम योगी ने कहा कि भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया जाता है, जबकि पाकिस्तान में लोग भूखे-नंगों की तरह एक-दूसरे से राशन के लिए लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वाराणसी में विकास का जिक्र किया। कहा कि हाल के वर्षों में वाराणसी में यातायात की सेवाएं, वायु सेवा, जलसेवा और सड़क सेवा के साथ रेल सेवा कई गुना बढ़ी हैं। फोरलेन-सिक्सलेन हाईवे का जाल बिछ गया है। कोई कहीं से कभी भी वाराणसी आ सकता है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, यूपी सरकार के कई मंत्री और स्थानीय विधायक मौजूद रहे।

## 'बृजभूषण के खिलाफ अब सड़कों पर नहीं कोर्ट में लड़ेंगे', पहलवानों ने कहा- संघर्ष करते रहेंगे




सोशल मीडिया पर शनिवार को विनेश, साक्षी और बजरंग एक साथ लाइव आए। इस दौरान उन्होंने एशियाई खेलों के ट्रायल से छूट देने के आईओए एड-हॉट पैनल के फैसले पर सवाल करने के लिए पूर्व पहलवान और भाजपा नेता योगेश्वर दत्त पर निशाना साधा था।बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मामले में अब एक बार फिर नया मोड़ आ गया है। पहलवानों का कहना है कि वे सिंह खिलाफ अब सड़कों पर नहीं अदालत में लड़ेंगे।

### सोशल मीडिया से दूर हुए साक्षी-विनेश

रविवार को पहलवान विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने ट्वीट किया, जो एक समान थे। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि सरकार ने सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने का आश्वासन दिया था, जो उन्होंने पूरा किया। मामले में पहलवानों के खिलाफ हम तब तक संघर्ष करेंगे, जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता। लेकिन अब यह लड़ाई हम अदालत में लड़ेंगे। सड़कों पर नहीं। सरकार ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया था, जिसका हम इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, ट्वीट करने के कुछ मिनट बाद ही विनेश और साक्षी ने एक और पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि वे अब कुछ दिनों के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाएंगी।

### बताया क्यों शांत है पहलवान

सोशल मीडिया पर शनिवार को विनेश, साक्षी और बजरंग एक साथ लाइव आए थे। इस दौरान उन्होंने एशियाई खेलों के ट्रायल से छूट देने के आईओए एड-हॉट पैनल के फैसले पर सवाल करने के लिए पूर्व पहलवान और भाजपा नेता योगेश्वर दत्त पर निशाना साधा था। दत्त अपने स्वार्थ के लिए हमें निशाना बना रहे हैं। चालिस मिनट चले लाइव के दौरान उन्होंने कहा कि लोग हमसे पूछते हैं कि हम चुप क्यों हैं। हम उन्हें बताना चाहेंगे कि 15 जून तक का समय दिया गया था। सिंह के खिलाफ दर्ज हुए आरोप पत्र के मूल्यांकन के बाद विचार करेंगे कि कैसे लड़ाई जारी रखें। सिंह के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। हम चाहे मैट पर लड़े या फिर मैट के बाहर लेकिन न्याय लेकर रहेंगे।

### दत्त पर भी साधा निशाना


लाइव में उन्होंने कहा कि सिंह को जब तक पापों की सजा नहीं मिल जाती, तब तक हम संघर्ष करेंगे। हम आरोप पत्र के प्रति का इंतजार कर रहे हैं। आरोप पत्र का मूल्यांकन करेंगे कि क्या यह न्याय के लिए काफी है। हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। विनेश ने कहा कि दत्त ने पहलवानों को धमकाया है। इसलिए दूसरे विरोध प्रदर्शन में वे नहीं आए। उन्हें कहा गया कि वह अपनी नौकरी खो देंगे। दत्त पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हमें ऐसा लग रहा है कि बृजभूषण ने शायद उन्हें डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पद की पेशकश की हो। इसलिए सिर्फ कुर्सी की लालच में वे उनका साथ दे रहे हैं।

### साक्षी मलिक खुद प्रचार में मदद के लिए आई थीं

योगेश्वर दत्त ने कहा था कि राजनीति में आने के बाद साक्षी मलिक खुद घर पर प्रचार में मदद के लिए आई थीं। उस समय भी इन्होंने यौन शोषण मामले से संबंधित कोई बात नहीं बताई। अगर कमेटी के सामने उस समय यह बात रख दी जाती तो इस मुद्दे का काफी समय पहले ही समाधान हो जाता। इन्होंने यह बात क्यों नहीं बताई, यह पहलवानों की कमी थी। योगेश्वर दत्त ने बताया कि वह अभी तक भारत में सिर्फ एक कुश्ती मुकाबला ही हारे हैं, वह भी चोट लगने के कारण। उनके विदेश में तीन ऑपरेशन हुए थे। इसके कारण वह ट्रायल में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। वर्ष 2016 ओलंपिक के बाद से ही कुश्ती से संन्यास ले लिया था ताकि जूनियर खिलाड़ी भी इसमें आगे आकर भारत के लिए मेडल लाएं।

## गुजरात में बिपरजॉय ने रेलवे को पहुंचाया सात करोड़ का नुकसान, 5000 करोड़ का कारोबार भी चौपट

पश्चिम रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, बिपरजॉय तूफान के कारण पश्चिम रेलवे को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा है। तूफान के बाद जब नुकसान का आकलन किया गया तो पता चला कि रेलवे को 6.79 करोड़ का नुकसान हुआ है। गुजरात से भले ही बिपरजॉय तूफान गुजर गया है, लेकिन कई परेशानियां अपने पीछे छोड़ गया है। इस तूफान के बाद जहां लाखों लोगों का जन-जीवन अस्त व्यस्त हुआ, वहीं भारतीय रेलवे को भी इस तूफान की वजह से तगड़ा नुकसान हुआ है। करीब दो लाख यात्री ऐसे रहे जिनका सफर इस तूफान के कारण थम गया। बिपरजॉय से पश्चिम रेलवे को करीब 7 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, मौसम विभाग ने 15 जून को बिपरजॉय के गुजरात के तटों से टकराने की भविष्यवाणी जारी की थी।



एहतियात के तौर पर रेलवे ने 12 जून से लेकर 16 जून तक कई ट्रेनों को रद्द कर दिया या फिर रूट बदल दिया था। मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए भावनगर, राजकोट, अहमदाबाद मंडल आने वाली और यहां से गुजरने वाली ट्रेनों को पांच दिनों के लिए बंद कर दिया गया था। इस वजह से करीब दो लाख से ज्यादा यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पश्चिम रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ,इस बिपरजॉय तूफान के कारण पश्चिम रेलवे को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा है। तूफान के बाद जब नुकसान का आकलन किया गया तो पता चला कि रेलवे को 6.79 करोड़ का नुकसान हुआ है। बिपरजॉय के कारण मेल, एक्सप्रेस और पैसेंजर श्रेणी की कुल 103 ट्रेनों के 249 फेरे प्रभावित हुए। वहीं 40 ट्रेनों की दूरी घटा दी गई। इसके अलावा अनारक्षित ट्रनों के पूरी तरफ से रद्द होने के कारण करीब 1 लाख 54 हजार यात्रियों को अपने सफर से वंचित रहना पड़ा। बिपरजॉय तूफान के दौरान 103 ट्रेनों की 249 ट्रिप प्रभावित हुई। हुआ है। बिजली के 5,120 खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। कम से कम 4,600 गांवों में बिजली नहीं थी लेकिन अब 3,580 गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। चक्रवात के चलते बंदरगाह बंद हैं। इससे व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अनुसार 5000 करोड़ रुपये का कारोबार थम गया है। कच्छ में 5 लाख टन नमक तूफान के साथ आई बारिश में बह गया। मोरबी में एशिया का सबसे बड़ा सिरेमिक क्लस्टर बंद हो गया है।

## ओवैसी की रैली में औरंगजेब के समर्थन में लगे नारे, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की रैली में ओरंगजेब समर्थित नारे लगाने को लेकर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की रैली में ओरंगजेब समर्थित नारे लगाने को लेकर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो और ऑडियो क्लिप का संज्ञान लिया है और



रैली में मौजूद पुलिसकर्मियों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वीडियो-सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा है जिसमें एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी मंच पर भाषण दे रहे हैं। लेकिन तभी ओरंगजेब के समर्थन में नारे लगने लगते हैं। हालांकि। ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वह शनिवार शाम मलकापुर शहर में रैली को संबोधित कर रहे थे।

### औवेसी बोले नारों का दावा झूठा

ओवैसी ने दावा किया कि औरंगजेब समर्थक नारों की खबरें झूठी हैं। उन्होंने ने रविवार को कुछ समाचार चैनलों पर झूठी खबरें चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उस समय मलकापुर की रैली में पुलिस मौजूद थी। चैनल झूठी खबरें प्रसारित कर रहे हैं। आप मुसलमानों से कितनी नफरत करेंगे? मैं आपके खिलाफ मामले दर्ज कराऊंगा। पुलिस ने कहा कि उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रचारित ऑडियो और वीडियो क्लिप से इलाके में सांप्रदायिक तनाव पैदा हो सकता है। आगे कहा कि सांप्रदायिक तनाव की पिछली घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, बुलढाणा पुलिस ने नारों पर गंभीरता से संज्ञान लिया और आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### जल्द खुलासा होगा किसके इशारे पर लगाए नारे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वह आश्चर्यचकित है कि राज्य में अचानक औरंगजेब के समर्थक कहां से आ गए। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र और पूरे भारत के मुसलमान औरंगजेब के वंशज नहीं हैं। जल्द ही इसका खुलासा हो जाएगा कि कौन और किसके इशारे पर ऐसे नारे लगाए जा रहे हैं।

## संपादकीय Editorial

# 'Ordinary' beginning of unity

Some indications of the Patna meeting of opposition unity are clear. For the first time, the Congress will be part of an opposition alliance. There will be no parallel front. Leaders of parties like Biju Janata Dal, Bharat Rashtra Samithi, YSR Congress, Telugu Desam Party, BSP, Janata Dal-S, INLD, Akali Dal, Muslim League, Kerala Congress, RLP, RSP, Akali Dal-Mann etc. did not attend the Patna meeting. Most weren't even invited. There are 68 MPs from these parties in the current parliament. These parties are neither pro-Congress nor anti-BJP. These parties do not even have such equations that they can form a third front. However, some parties may become part of the NDA with the BJP or form some other political equation. In the name of opposition unity, there is a banner of only 17 parties, which united in Patna. They met together, discussed for about 3 hours, contradictions also emerged, concluded to walk together, ate Gulab Jamun together, discussed some points of Common Minimum Program and in joint press briefing, except Kejriwal and Stalin All the remaining leaders have shown a resolve that they will fight the elections unitedly against Prime Minister Modi, so that there can be a change of power in the country in 2024. However, it cannot be concluded from this that the opposition unity is certain and they will be fully mobilized to give a common challenge to the BJP. The agenda of Aam Aadmi Party (AAP) national convenor and Delhi Chief Minister Kejriwal remained stuck on the anti-Delhi government ordinance of the Centre. Kejriwal requested that the Congress should at least give time to drink a cup of tea.

Congress leader Rahul Gandhi wanted to know why you are so eager to meet? Will someone play pranks? Arguments broke out between Kejriwal and Rahul Gandhi on the issue of ordinance, then Sharad Pawar and Uddhav Thackeray tried to pacify them. West Bengal Chief Minister Mamata Banerjee suggested that the issue be included in a joint statement and the two leaders could talk alone during lunch, but Rahul did not agree. Former Jammu and Kashmir Chief Minister and National Conference leader Omar Abdullah reminded Kejriwal of Article 370. When this special provision was repealed in Parliament, Kejriwal supported the decision of the Modi government. Mehbooba Mufti also asked the same question. Trinamool Congress President Mamta Banerjee objected to the political attitude of the Congress in Bengal and protesting. Kejriwal's AAP later clarified in a statement that if the Congress did not clear its stand on the ordinance, the party's chief ministers—Kejriwal and Bhagwant Mann—would not attend such meetings of the opposition. However, these are few examples, which question the reality of opposition unity, but in spite of these all opposition parties, except AAP, are in favor of contesting the 2024 general elections by mobilizing under one umbrella. The next meeting will be held in Shimla on July 12. At present, the beginning which the opposition has taken is a positive, infant step, but the path to be decisive is still long and zigzag. Right now the most important decision has to be taken that how a single, common candidate of the opposition can be fielded on one seat. Mamta and Akhilesh Yadav are expecting the Congress to show big heart. Do not insist on fielding your candidates in these two big states. How is this possible? Regional parties have their own ambitions.

# Unprecedented depth and warmth of relationships seen between 1.75 billion people, this is how history is made

The agreement between General Electric Aerospace and HAL (Hindustan Aeronautics Limited) to jointly manufacture the F-414 jet engine in the presence of Modi, which is being cited as a testimony to the strong defense ties between the two countries, has been criticized by many experts in the US. They are telling as important as the civil nuclear deal that happened. No one else can present India as positively as Prime Minister Narendra Modi on foreign soil. He has the ability to exaggerate what New India is, what it has achieved, and what it intends to achieve in the days to come. His recently concluded state visit to America shows beyond doubt that he is the best ambassador of India. Great branding of India requires a well-thought-out approach, careful and painstaking preparation and meeting and interacting with people from different walks of life. Within hours of his arrival in New York, Prime Minister Modi met carefully selected business leaders, opinion makers and thinkers, including a Nobel laureate, academics and writers, Senior Vice President of the World Bank, Meets a billionaire investor, healthcare experts, thinktank and Falguni Shah, an Indian-American singer. Twitter owner Elon Musk went to meet him and his comment after exiting was, 'I am a fan of Modi'. In the backdrop of former Twitter CEO Dorsey's sensational claim that Twitter was bullied by Indian authorities, Musk's remarks allay India's concern that Twitter will comply with the national laws of the respective countries. Transformation of age-old Indian Yoga through International Day of Yoga, participation in the lawns of United Nations Headquarters on 21st June, linking Yoga with Friendship, Peace and Harmony, G-20 theme – One World, One Family, One Future Also, underlining the message of Vasaidhav Katumbakam was a master stroke by PM Modi. Ahead of a private dinner with US President Joe Biden, Modi attended a meeting of the National Science Foundation hosted by his wife, Dr. Jill Biden, where they discussed issues such as skills, training and research. Modi has mastered the art of using symbols brilliantly. If the green diamond he gifted to Dr. Jill Biden was meaningful, the gifts he presented to Biden were equally precious: a silver Ganesha in a small sandalwood box, a diya, tamrapatra and dashadanam, rich treasures of India Evidence of cultural heritage and diversity, copies of the Ten Principal Upanishads translated by WB Yeats and Purohit Swami spoke of the spiritual and intellectual connection between India and America. The agreement between General Electric Aerospace and HAL (Hindustan Aeronautics Limited) to jointly manufacture the F-414 jet engine in the presence of Modi, which is being cited as a testimony to the strong defense ties between the two countries, has been criticized by many experts in the US. They are telling as important as the civil nuclear deal that happened. While this step will accelerate our self-reliant India campaign, it will also give better technical capability to the Air Force. On this occasion, Biden said, 'We are emphasizing on greater mutual cooperation between defense industries and more discussions and cooperation in all areas, along with equipping our defense partnership with more and more joint ventures.' Biden referred to Air India's order to buy 200 Boeing aircraft, underlining the investment of Indian firms in the US. In this deal, India will get 31 MQ-9B attack drones, of which 15 will be for our Navy and eight each for the Army and Air Force. The announcement of US computer chip maker Micron to invest $850 million in Gujarat is another big step towards technological collaboration. Lam Research will provide semiconductor training to 60,000 Indian engineers. Telecom Minister Ashwini Vaishnav believes that this will lead to a massive transformation in the semi-conductor sector. Addressing the US Congress for the second time, Modi, the only Indian Prime Minister to achieve this feat, was at the height of branding India. Not only did he thank America for welcoming people from around the world and helping make the American dream come true, he also offered advice to his political rival in India: 'At home we may differ in our views' , But while talking about our country outside, we should speak in one voice.' He Thanked Kankan as well. On the meeting of Modi and Biden, US Ambassador Eric Garcetti had this to say: 'For the first time, not only were two men at the pinnacle of power politics willing to talk about the future, but the depth and breadth of the relationship between the 1.75 billion people of the two countries. The warmth and mutual contact that was shown, had never happened before. I think this is how history is written. Thanked Kankan as well. On the meeting of Modi and Biden, US Ambassador Eric Garcetti had this to say: 'For the first time, not only were two men at the pinnacle of power politics willing to talk about the future, but the depth and breadth of the relationship between the 1.75 billion people of the two countries. The warmth and mutual contact that was shown, had never happened before. I think this is how history is written. also silenced the Americans who questioned his government by saying that 'India is the mother of democracy'. He was saying: 'Today the world wants to know more and more about India....Everybody wants to understand India's development, democracy and diversity. Everyone wants to know what India is doing. Our power is increasing, at the same time, our speed is also increasing. When India moves forward, then the world moves forward. At a banquet hosted by Vice President Kamala Harris and Secretary of State Blinken, Modi underlined the Indian roots of Kamala Harris, saying she is an inspiration to women around the world. To strengthen Indo-US strategic partnership.

# Monsoon moves from the Indian Ocean to the Himalayas

The monsoon of 1974 is considered to be the most destructive monsoon season in India during the last 100 years. It caused massive floods and devastation in many parts of the country, especially in the state of Bihar. The Kosi river breached its embankments during the 1974 monsoon season, causing widespread damage to homes, infrastructure and agricultural fields. The flood waters affected lakhs of people and caused a lot of damage to life and property. The monsoon which moved from the Indian Ocean has reached the Himalayas. The monsoon season in India usually lasts from June to September, known as the southwest monsoon season. During this period, India is shadowed by a significant flow of moisture-laden winds from the Indian Ocean. The thirst of the dry land will be quenched, the crops will grow and there will be greenery all around. But if nature gets angry then we have to be prepared for tragedy like Kedarnath and devastating flood like Koshi. Monsoon is derived from the Arabic word mausim which means wind patterns. The word monsoon was first used in the 16th century in the context of sea-borne trade. During that time, Indian traders used to go to Arab and African countries for trade with the help of these winds in winter and returned to their country in summer. In winter, the winds blow from north-east to south-west, which is called the winter monsoon. On the other hand, in summer the winds blow in the opposite direction, which is called the southwest monsoon or summer monsoon. These winds helped the merchants in sailing. That's why they are also called trade winds or trade winds.

The journey of the monsoon, from the sea to the Himalayas - Monsoon is formed when the sun is exactly above the equator in the Indian Ocean in summer. In this process the sea starts heating up and its temperature reaches up to 30 degrees. At the same time, the temperature of the earth has reached 45-46 degrees. In such a situation, monsoon winds become active in the southern part of the Indian Ocean. These winds cross each other and cross the equator and start moving towards Asia. During this time the process of cloud formation starts over the sea.

Crossing the equator, the winds and clouds turn towards the Bay of Bengal and the Arabian Sea while raining. During this time the temperature of different parts of the country exceeds the sea level temperature. In such a situation, the winds start blowing from the sea towards the land. These winds absorb the water vapor produced by the evaporation of sea water and rise up as soon as they reach the earth and give rain. After reaching the Bay of Bengal and the Arabian Sea, the monsoon winds divide into two branches. One branch moves from the Arabian Sea side via Mumbai, Gujarat and Rajasthan, while the other branch from the Bay of Bengal reaches West Bengal, Bihar, North-East and collides with the Himalayas and turns towards the Gangetic regions and thus reaches the Gangetic region by the first week of July. Monsoon covers the country.

Most devastating monsoon in India - One of the worst monsoons experienced in India during the last 100 years was the monsoon of 1943 which caused widespread drought and crop failure in the Bengal region, leading to famine. An estimated 2 to 3 million people died due to starvation and related diseases. The monsoon of 1974 is considered to be the most destructive monsoon season in India during the last 100 years.

It caused massive floods and devastation in many parts of the country, especially in the state of Bihar. The Kosi river breached its embankments during the 1974 monsoon season, causing widespread damage to homes, infrastructure and agricultural fields. The flood waters affected lakhs of people and caused huge loss of life and property. 2013 was the most destructive monsoon in Uttarakhand – The year 2013 was the most destructive monsoon in Uttarakhand. Due to which a flood-like situation was created from Tons to Kali/Sharda. The side effect of the same monsoon was the unimaginable disaster of Kedarnath. In that tragedy, more than 4 thousand people were killed, many were injured, many passengers lost their mental balance and thousands of people became homeless. The arrival of the monsoon on 16th June was unexpected, as the monsoon normally reaches Uttarakhand only after 20th June and before that the pre-monsoon rains start. The snow line in the Himalayas recedes with the increase of summer heat, but since then the premature arrival of the monsoon has resulted in snow. Because of which the rivers based on the glaciers swelled due to melting of more snow. In Kedarnath, the cloud burst into the Chorabari glacier. The result of which came in the form of devastating floods in Kedarnath.

## नो-एंट्री में भारी वाहनों की बेधड़क एंट्री, पुलिस खोजती हेलमेट



मुरादाबाद-असर न ट्रैफिक सिग्नल का और न ही पुलिस का, प्रतिबंध के बावजूद शहर के मार्गों पर दौड़ते हैं भारी वाहन शहर के नो-इंट्री वाले मार्गों पर ट्रक, डीसीएम व अन्य भारी वाहनों का बिना किसी बंदिश के धड़ल्ले से प्रवेश हो रहा है। उनके लिए यातायात नियम के अनुपालन के लिए कोई बाध्यता नहीं है। जी हां, ट्रैफिक सिग्नल और चौराहों खड़ी सफेद वर्दीधारी पुलिस का भी प्रभाव इन भारी वाहन चालकों पर नहीं पड़ता है। ये पुलिसकर्मी दिनभर बिना हेलमेट या एचएसआरपी (हाई सिक्योरिट रजिस्ट्रेशन प्लेट) वाले बाइक सवारों पर नजर लगाए रखते हैं। सुबह से शाम और रात, अर्थात 24 घंटे उनकी शहर के मार्गों पर एंट्री रहती है। इन भारी लोडेड वाहनों के कारण ही शहर में सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इधर, पिछले ढाई-तीन महीने के अंतराल में ही ट्रकों के कुचल देने से दो महिलाओं व बच्चों समेत कुमार चार की मौत हो गई। कई घायल भी हुए हैं। लेकिन, पुलिस इन वाहनों को नो-एंट्री में आने से क्यों नहीं रोकती, ये अहम सवाल है। बड़ी बात ये भी है कि मुरादाबाद मंडल मुख्यालय है, यहीं पर डीएम, एसपी-एसएसपी से लेकर डीआईजी-कमिश्नर तक के अधिकारी रहते हैं। ऐसा नहीं कि इन लोगों को शहर के अंदर सफर में नो-एंट्री में भारी वाहन आते-जाते नजर न आते हों लेकिन, फिर भी ऐसे वाहनों के सफर को नो-एंट्री में रोका नहीं जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कोहिनूर तिराहे से आरटीओ कार्यालय वाले मार्ग के बीच में हनुमान मूर्ति तिराहे पर सर्वाधिक लोडेड ट्रक-डीसीएम गुजरते हैं।नो-एंट्री वाले मार्ग- अगवानपुर पुल से हरथला, पीली कोठी, रेलवे स्टेशन रोड, रोडवेज बस अड्डा, हनुमान मूर्ति तिराहा, पंडित नगला बाईपास, कोहिनूर तिराहा वाले मार्ग नो एंट्री जोन में हैं। महाराणा प्रताप चौक से लोकोसेट, चौधरी चरण सिंह चौक, सर्किट हाउस, दिल्ली वाली लाकड़ी फाजलपुर तिराहा वाला मार्ग। अब इनकी सुनिए... प्रभारी निरीक्षक यातायात पवन त्यागी ने कहा, नो-एंट्री में भारी वाहन ट्रक-डीसीएम कहां चलते हैं बताएं, कार्रवाई करेंगे। कहा, रेलवे माल गोदाम के ट्रकों को रात 10 बजे से सुबह 6.30 बजे तक नो-एंट्री से छूट दी गई है। वैसे नो-एंट्री रात 11 बजे से सुबह छह बजे तक तय है। प्रभारी निरीक्षक यातायात ने यह भी कहा कि फील्ड के कार्य में व्यावहारिक रूप से दिक्कतें हैं। महानगर में ट्रकों ने ली हैं कई जान- कांठ रोड पर अकबर का किला के पास ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला और उसकी नातिन की मौत हो गई थी। हनुमान मूर्ति तिराहा पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौके पर मौत, चालक देवर घायल हो गया उसकी एक टांग कट गई। डीआरएम कार्यालय की `तरफ से आ रहे ट्रक ने पीली कोठी चौराहे पर छात्र को रौंद दिया था।

## 2500 लाइसेंस, 10,000 से अधिक ई-रिक्शा...बीमा न ही फिटनेस और चालक भी अप्रशिक्षित



मुरादाबाद-महानगर में ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं। चालकों के पास न लाइसेंस हैं और न ही फिटनेस। चालक भी फिट नहीं हैं। ई-रिक्शा व चालक, दोनों की फिटनेस दुरुस्त है या नहीं। इसके लिए अधिकारी भी प्रयास भी नहीं कर रहे हैं। चालकों को वाहन चलाने का प्रशिक्षण भी नहीं मिला है। मंडलायुक्त भी सवाल उठा चुके हैं। मगर कार्रवाई शून्य है। करीब दो महीने पहले मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में आयुक्त ने संभागीय परिवहन अधिकारी भीमसेन सिंह से अवैध ई-रिक्शा संचालन पर सवाल भी उठाए थे। यही नहीं, आरटीओ को ई-रिक्शा के अवैध संचालन पर छपी खबर को भी आयुक्त ने पढ़कर सुनाया था। आरटीओ ने आयुक्त को कार्रवाई करने का भरोसा दिया था, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। आयुक्त ने बैठक में 4500 से अधिक ई-रिक्शों के संचालन अवैध होने की भी बात कही थी। उधर, संभागीय निरीक्षक प्रावधिक (आरआई) हरिओम का कहना है कि जब ई-रिक्शा चालक के ड्राइविंग लाइसेंस के लिए प्रशिक्षण की अनिवार्यता नहीं थी तब करीब 2500 लाइसेंस उन्होंने जारी किए थे, उसके बाद से कोई भी लाइसेंस नहीं दिया गया है। ड्राइविंग लाइसेंस के संबंध में प्रशिक्षण की अनिवार्यता 2019 से है। आरआई का कहना है कि करीब 8-10 हजार ई-रिक्शा शहर में चल रहे हैं, इनके पास चार पहिया वाहन चलाने के लाइसेंस हैं।

### जिलाधिकारी के आदेश की भी अनदेखी

जिलाधिकारी आरटीओ से कह चुके हैं कि शहर के कांठ, दिल्ली व रामपुर प्रमुख मार्गों से ई-रिक्शा का संचालन बंद कराएं। ई-रिक्शा केवल शहर के अंदर चलेंगे। इससे पहले एडीएम सिटी आलोक वर्मा ने भी चैंबर में बैठक कर आरटीओ भीमसेन सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन आनंद निर्मल व निरीक्षक यातायात पवन त्यागी से कहा था कि कचहरी मार्ग पर ऑटो नहीं चलेगा, कोई भी ई-रिक्शा घर से आते-जाते सवारी नहीं लेगा।

### ई-रिक्शा से सुरक्षित सफर के लिए जरूरी...

जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य कपिल रस्तोगी बताते हैं कि ई-रिक्शा से कोई हादसा हो जाए तो मृतक एवं घायलों को क्लेम नहीं मिलेगा। क्लेम तभी मिलेगा, जब ई-रिक्शा का बीमा, फिटनेस व चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस हो। कुछ ऐसे भी हैं, जो एक से अधिक ई-रिक्शा खरीदकर किराए पर चलवा रहे हैं, उन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस कैसे बनेगा? उन्होंने बताया कि ई-रिक्शा में बार कोड सिस्टम, फिटनेस, चेसिस नंबर, मालिक का बैंक खाता डिटेल, ड्रेस कोड और ई-रिक्शा के दाएं सुरक्षा जाल हो।ई-रिक्शा में रूट दर्शाने वाला बार कोड होना चाहिए।

### ई-रिक्शा चालक ने एसडीओ का छीना था मोबाइल

कुछ दिन पहले की बात है। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता एके अग्रवाल सुबह कार्यालय जा रहे थे।

24 वाहिनी पीएसी तिराहे के पास विपरीत दिशा में ई-रिक्शा खड़ा था। इन्होंने टोका बहस हुई तो अभियंता वीडियो बनाने लगे। ई-रिक्शा चालक ने उनका मोबाइल छीन लिया। शोर मचाने पर वह मोबाइल फेंककर भाग गया था। ये भी हैं नियम- नए ई-रिक्शा खरीदने के दो साल के अंदर पहला फिटनेस कराएं। दूसरा व तीसरा फिटनेस तीन-तीन साल के अंदर कराएं। ई-रिक्शा की कुल आयु आठ वर्ष है।

## भैंस-बकरी बाजार दूर की बात, मुर्गी तक कालोनी में प्रवेश नहीं कर सकती



मुरादाबाद-1974 की अनुमति के आधार पर पशु बाजार लगा रहे थे व्यापारी, कहा, आदेश के समय और अब संबंधित स्थल पर काफी अंतर रामपुर रोड पर शहर की एकता विहार कालोनी में पहुंचे चौकी प्रभारी ने लोगों को खुली चेतावनी दी है कि कालोनी में खरीद फरोख्त के लिए भैंस-बकरी तो दूर की बात, मुर्गी तक प्रवेश नहीं कर सकती। इसकी निगरानी के लिए रविवार को दिनभर पुलिस कालोनी में रही। बताया जा रहा है कि कालोनी के अंदर प्रत्येक रविवार को बकरा और ईद में भैंस खरीद फरोख्त का बाजार लगता है। इस मामले में कालोनी के लोग कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी से भी मिले थे और कालोनी से पशु बाजार को हटाने की मांग की थी। जिसपर पुलिस ने कार्रवाई की है। पशु बाजार के विरुद्ध कई शिकायतें आने पर चौकी काशीपुर तिराहा इंचार्ज श्रीओम शुक्ल दलबल के साथ पुलिस जीप से पहुंचे थे। पशु बाजार वालों को हिदायत देते हुए उनका वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि रविवार को कालोनी में बकरा-बकरी की खरीद फरोख्त का बाजार लगता है। लेकिन, ईद के चक्कर में आज रविवार को यहां काफी संख्या में भैंसें लाई गई थीं। जिसपर कालोनी के लोग चौकी पर आए थे। चौकी इंचार्ज ने बताया कि पशु बाजार संचालकों ने उन्हें डीएम की तरफ से पशु बाजार लगाने की अनुमति वाला वर्ष 1974 का आदेश दिखाया है। लेकिन, जब तत्कालीन डीएम ने अनुमति दी थी, तब संबंधित स्थल के आसपास आबादी नहीं थी और अब कालोनी बस गई हैं। फिलहाल, पशु बाजार में व्यापारी भैंसें न ले जा पाएं, इसके लिए बैरिकेडिंग करा दी है।चौकी इंचार्ज ने कहा कि सौहार्द बना रहे, इसलिए उन्होंने व्यापारियों से कालोनी के अंदर पशु बाजार न लगाने की अपील की है।

## एमए की छात्रा दूसरे समुदाय के युवक के साथ फरार, डिग्री कॉलेज में प्रैक्टिकल परीक्षा देने गई थी

मुरादाबाद-मां का आरोप, युवक के परिजन जबरन धर्म परिवर्तन कराना चाहते हैं एमए की छात्रा को दूसरे समुदाय का युवक साथ लेकर फरार हो गया। छात्रा की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी को बरामद करने की मांग की है।

महिला का आरोप है कि उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा सकता है। मोहल्ले की महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी बेटी एमए फाइनल की छात्रा है । 20 जून को वह घर से डेढ़ बजे निकली थी कि वह डिग्री कॉलेज में अपना प्रैक्टिकल देने जा रही है। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी।

रिश्तेदारों में उसकी तलाश की गई लेकिन वह नहीं मिली। बाद में पता चला कि कोतवाली क्षेत्र के गांव का युवक उसको फुसलाकर साथ ले गया है। महिला का कहना है कि 22 जून को वह युवक के घर पहुंची और परिजनों से बेटी को वापस करने को कहा । उन्होंने उत्तर दिया

कि युवक रिश्तेदारी में गया है। हमें एक दिन का समय दो, हम आपकी बेटी को आपके हवाले कर देंगे। 23 जून को जब वह युवक के परिजनों के घर पहुंची तो देखा कि वहां ताला लगा था। महिला ने बताया कि उसकी बेटी को गलत इरादे से गायब किया है। कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। महिला का आरोप है कि युवक के परिवार के लोग उसकी बेटी का जबरन धर्म परिवर्तन कराना चाहते हैं। बेटी की मां ने रिपोर्ट दर्ज कर बेटी की बरामद कराने की मांग की है। मामला दो समुदायों से जुड़ा है। युवक-युवती नगर के डिग्री कॉलेज में साथ पढ़ाई करते थे।

## दो करोड़ की गोशाला में प्रबंध का दावा, फिर भी सड़कों पर गोवंश...जोखिम में नागरिकों की जान



मुरादाबाद-स्मार्ट सिटी में यातायात में बाधक बन रहे छुट्टा पशु, गाहे-बेगाहे कार्रवाई कर कर्तव्य की इतिश्रीमुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी निराश्रित-बेसहारा गोवंश आश्रय योजना में दो करोड़ रुपये की लागत से बने कान्हा गोशाला में सुविधाओं के दावे के बाद भी स्मार्ट सिटी की सड़कों पर गोवंश विचरण रहे हैं। जबकि इस गोशाला में गोवंश रखने की क्षमता वर्तमान में पशुओं की संख्या से काफी अधिक है। फिर भी गोवंश के सड़कों पर छुट्टा विचरण करने से सुचारू यातायात में अड़चन है। निगम के अधिकारी इन पशुओं को नियंत्रित करने में सफल नहीं हो रहे हैं। वह गाहे बेगाहे कार्रवाई कर कर्तव्य की इतिश्री कर रहे हैं। नगर निगम प्रशासन की देखरेख में योजना के तहत मैनाठेर में 7070 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 199.70 लाख रुपये की लागत से कान्हा गोशाला संचालित है। इस गोशाला को प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ बताने वाले निगम के अधिकारी स्मार्ट सिटी में सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशुओं को यहां रखवाने में आनाकानी करते हैं। पिछले कार्यकाल में कार्यकारिणी बैठक में वार्ड 47 के पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने अपने क्षेत्र में सांड़ के आतंक से निजात दिलाने की मांग की थी। कई बार प्रयास के बाद किसी तरह निगम के कर्मचारियों ने उसे पकड़ा। यह स्थिति आज भी महानगर में लगभग हर प्रमुख सड़क, वार्डों की गलियों और चौक चौराहे पर दिख रही है। कई बार यह निराश्रित गोवंश वाहनों से टकराकर गंभीर रूप से चोटिल होकर सड़कों पर तड़पते हैं, लेकिन इनकी सुधि लेने तंत्र के पहरेदार नहीं पहुंचते।खुद मुख्यमंत्री भी कर चुके हैं निरीक्षण- ख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया था। उन्होंने सुविधाओं को देखकर सराहना करते हुए और उत्कृष्ट करने के लिए कहा था। जिसपर प्रशासनिक और नगर निगम के अधिकारियों ने हामी भरी थी। कान्हा गोशाला में सुविधाएं हैं। लेकिन स्मार्ट सिटी की सड़कों पर विचरण करने वाले 90 प्रतिशत गोवंश पशुपालकों के हैं। जब इन्हें नगर निगम की टीम वाहनों में पकड़ कर ले आती है तो पशुपालक छुड़ाने आ जाते हैं। यह सही है कि इनसे सड़कों पर यातायात की समस्या बढ़ती है। पकड़े गए गोवंश को छोड़ने से पहले चालान काटा जाता है। डेयरी संचालक व ग्रामीण भी सड़कों पर इन्हें छोड़ देते हैं। गोवंश का गोबर नाले में डालने से जलनिकासी में भी अड़चन है। इसके स्थायी समाधान का प्रयास है। -संजय चौहान, नगर आयुक्त

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# विश्व ड्रग्स दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन



क्यूँ न लिखूँ सच

हल्द्वानी-(राजकुमार केसरवानी) विश्व ड्रग्स दिवस के अवसर पर (सोमवार) को 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत तिकोनिया से लेकर बरेली रोड मंडी तक 5 किलोमीटर मैराथन दौड का आयोजन जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नशा कर रहे लोगों को समाज की मुख्यधार से जोडकर, उन्हें देश के विकास, के साथ ही परिवार, समाज में अपना सहरानीय योगदान हेतु प्रेरित करना है। ड्रग्स दिवस के अवसर पर सभी कार्यालयों में शपथ भी दिलाई गई। मैराथन दौड़ को मेयर डा0 जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला एवं एसएसपी पंकज भट्टने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। भारी बरसात के बीच नशा मुक्त अभियान के तहत लोगों ने 5 किलोमीटर की दौड़ लगाकर नशे के प्रति जागरूकता संदेश दिया, भारी बरसात के बावजूद भी लोगों में मैराथन दौड़ को लेकर एक अलग ही उत्साह नजर आया,

इस अभियान में शहर के जनप्रतिनिधि के साथ ही भारी संख्या में पुलिसकर्मियों के अलावा आम जनता ने भी प्रतिभाग किया। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने तिकोनिया से लेकर बरेली रोड मंडी तक 5 किलोमीटर की दौड़ लगाई. पुलिस द्वारा आयोजित इस मैराथन दौड़ में स्कूली बच्चों ने भी हिस्सा लिया। मेयर जोगेंद्र रौतेला ने कहा कि नशा समाज की सबसे बड़ी बुराई है और नशे से बचने के लिए इस तरह का आयोजन होना बहुत जरूरी है अगर युवा पीढ़ी खेल के प्रति जागरूक हो तो अवश्य ही वह नशे से दूर होगी, वहीं एसएसपी पंकज भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड के साथ ही नैनीताल जिले को भी नशा मुक्त बनाने के लिए इस मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है जिससे कि लोग नशे के प्रति जागरूक हो सके। सभी ने 2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्त करने का संकल्प लिया है।

# विश्व ड्रग्स दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच

हल्द्वानी-(राजकुमार केसरवानी) विश्व ड्रग्स दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग तथा एमबीपीजी हल्द्वानी की एंटी ड्रग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यक्रम का एबीपीजी कॉलेज के सभागार में आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ एमबीपीजी की छात्राओं के द्वारा वर दे वीणावादिनी वर दे प्रार्थना के साथ ही रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा ए.एस. उनियाल ने कहा कि नशीली दवाओं की लत और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस ग्लोबल सहयोग को बढ़ाना देने और नशा मुक्त दुनिया बनाने के लिए राष्ट्रों, समूहों के बीच कम्युनिकेशन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को 2025 तक नशा मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए बहुत अधिक कार्य किया जाना अभी शेष है। इस हेतु युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से फिल्म फेयर अवार्ड का भी आयोजन किया जा चुका है जिसके माध्यम से बच्चों ने



अपने-अपने संदेश लोगों तक पहुंचाए है। एंटी ड्रग क्लब के नोडल अधिकारी एच एस भाकुनी ने बताया कि नशा इंसान के शरीर के साथ ही उसके जीवन को भी नष्ट करने का काम करता है. यह एक ऐसा पदार्थ है जो धीरे-धीरे शरीर को खोखला करता है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में नशीली दवाओं का सेवन लोग करते हैं और इसकी संख्या हर दिन बढ़ रही है. लोगों में नशामुक्ति के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए 26 जून के दिन पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया जाता है। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागी दीपक पलाडिया ने कहा कि वर्तमान खाक है और भविष्य भी धुआं। बिगड़ी सी सोच और घना अंधेरा। न कोई उम्मीद और न कोई आशा। हर तरफ बस निराशा ही निराशा और यही तो है, नशे की परिभाषा। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम नमिता, द्वितीय सोनी, तृतीय प्रतिक्षा राज चौहान साथ ही एनसीसी कैडिटेउट को पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र भी वितरण किया। इसके साथ ही नुकड नाटक, एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश , प्राचार्य एचएस बनकोटी, जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिडियाल, स्वस्थ्य विभाग जिला समन्वयक डॉ. सुनिता भट्ट, डॉ. हरीश पाठक, गौरी दत्त काण्डपाल के साथ ही कॉलेज के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# भारतीय हलदर किसान यूनियन राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी का किया जोरदार स्वागत



क्यूँ न लिखूँ सच

(लवकुश ठाकुर)-पनैठी कार्यालय पर सदस्यता ग्रहण कराई वही धीरेंद्र सोलंकी राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने कहा कि गरीबों की हर समस्या का निस्तारण कराने के लिए जी जान लगा देंगे स्वागत किया इस मौके पर प्रदेश महासचिव राकेश सिंह उमेश राणा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विकास राजपूत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर भूपेंद्र सिंह अनिल कुमार जिला सचिव लव-कुश ठाकुर मंडल मीडिया प्रभारी भारतीय हलदर

# रैली/ नुक्कड़-नाटक के माध्यम से आमजनमानस को किया जागरुक





क्यूँ न लिखूँ सच

रामनगर (राजकुमार केसरवानी) नशा मुक्त भारत पखवाड़ा ड्रग्स फ्री देवभूमि पहल में रामनगर पुलिस ने रैली/ नुक्कड़-नाटक के माध्यम से आमजनमानस को किया जागरुक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रान्तर्गत नुक्कड़- नाटक, रैली, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं विभिन्न माध्यमों से जन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में कोतवाली रामनगर के व0उ0नि0 अनीश अहमद द्वारा पुलिस टीम के साथ स्थानीय लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए रामनगर शहर में जागरूकता रैली निकाली गई तथा डिग्री कॉलेज रामनगर के सामने मीमांसा मेंटल हेल्थ केयर सोसाइटी के वॉलिंटियर्स के द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर युवाओं को जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा आमजनमानस से अपील की कि अपने आस-पास मादक पदार्थों की बिक्री/तस्करी करने वालों की सूचना पुलिस को दें।

# खालिद उर्फ रज्जू की मुश्किलें बढ़ी- ब्लू हेवन रेस्टोरेंट के अतिक्रमण गिराने का आदेश




फर्रुखाबाद(हारुन बख्श)- फर्रुखाबाद भू माफिया खालिद उर्फ रज्जू की मुश्किलें दिनों दिन बढ़ती जा रही है सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने खालिद उर्फ रज्जू के ब्लू हेवन रेस्टोरेंट के अतिक्रमण को गिराने का आदेश पारित किया है नगर मजिस्ट्रेट ने मुकदमे की सुनवाई के दौरान खालिद उर्फ रज्जू के द्वारा रेस्टोरेंट के भूतल प्रथम तल व द्वितीय तल पर किए गए व्यवसायिक निर्माण को अबैध घोषित करते हुए ध्वस्त करने का आदेश पारित किया है प्रतिवादी रज्जू को आदेशित किया गया कि वह एक सप्ताह के अंदर अनाधिकृत निर्माण स्वयं हटा लें अन्यथा नगरपालिका के अधिशासी के माध्यम से अतिक्रमण हटवाया जायेगा जिसमें होने बाले खर्चे को बतौर मालगुजारी बसूल किया जायेगा

नगर मजिस्ट्रेट ने विनियमित क्षेत्र के अवर अभियंता की 17 जून 2022 की रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की है रज्जू ने मुकदमे की सुनवाई के दौरान अपनी सफाई पेश की जो काम नही आई मालूम हो की रज्जू का कचहरी तिराहे के निकट कोतवाली रोड पर आलीशान ब्लू हेवन रेस्टोरेंट है ध्यान रहे कि बीते दिनों ही थाना मऊदरवाजा पुलिस ने रज्जू उनकी मां व अनेकों समर्थकों के विरोध करोड़ों रुपए कीमती भूमि के फर्जीवाड़े की रिपोर्ट दर्ज की है

# जिले में एसपी ने चार्ज लेते ही की प्रेस वार्ता



फर्रुखाबाद(हारून )- फर्रुखाबाद। जिले मे चार्ज लेने के बाद मीडिया से रूबरू हुए पुलिस कप्तान ने सबसे पहले दिया अपना परिचय जनपद फतेहगढ़ फर्रुखाबाद एसपी विकास कुमार और फिर आए हुए पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से लिया उनके मीडिया संबंधित बैनर के नाम सहित पत्रकार का परिचय सभी उपस्थित पत्रकारों ने क्रम वाई क्रम पुलिस कप्तान विकास कुमार को मीडिया संबंधित अपने बैनर के नाम सहित अपना स्वयं का नाम बताते हुए दिया अपना भी परिचय फतेहगढ़ स्थित पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक सभागार पर नवागंतुक एसपी विकास कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी पत्रकारों को जानकारी पुलिस कप्तान विकास कुमार ने कहा जिले में गैंगस्टरो के खिलाफ होगी कड़ी कार्यवाही पुलिस कप्तान ने सटोरियों को बड़ी बड़ी चेतावनी देते हुए कहा की जिले में हो रहे सट्टा माफियाओं पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई पुलिस और समाज के सभी वर्गों के साथ सामंजस बैठा कर जिले में अपराधियों पर जाएगी नकेल कसी जाएगी और शासन की जीरो टॉलरेंस की नीति पर होगा कार्य पत्रकारों के साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पत्रकारों के सम्मान का पुलिस विशेष रखेगी ध्यान पुलिस के द्वारा किसी भी पत्रकार के साथ अभद्रता का व्यवहार किए जाने पर संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ होगी कड़ी कारवाही और यह भी कहा पुलिस पत्रकार संबंधित कार्यों में पत्रकार का करें पूरा सहयोग अगर पुलिस के कारण पत्रकार को अपना कार्य करने में दिक्कत होती है तो ऐसे पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर उनको सुधारने का काम भी पुलिस करेगी और अपराधियों को जल्द सजा दिलाने के लिए भी पुलिस करेगी काम संगठित अपराधों को जल्द से जल्द जिले में पुलिस करेगी खत्म जिले की ट्रैफिक व्यवस्था कोई भी सुदृढ़ बनाने का जिले की पुलिस करेगी काम एसपी ने पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी



## वारंटी गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच

